RAF SECTOR

NEWS CLIP

17/08/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Mahanagar Times , Jaipur (R.J)

83 बटालियन द्रुत कार्य बल व केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के लालवास रोड स्थित कैंपस में द्वितीय कमान अधिकारी सुरेशसिंह पायल ने बटालियन क्वार्टर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली एवं ध्वजारोहण किया। उन्होंने देशहित में सराहनीय कार्यों के लिए अति विशिष्ट सेवा पदक, विशिष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा पदक एवं वीरता पदकों से अलंकृत अधिकारियों एवं जवानों के नाम पढ़कर सुनाए। इस वर्ष केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों एवं अधिकारियों को 05 विशिष्ट सेवा पदक, 59 सराहनीय सेवा पदक एवं 59 वीरता पदकों से अलंकृत किया गया।

Prabhat Khabar , Jamshedput, (JKD)

रैफ के सुंदरनगर कैंप में कमांडेंट ने फहराया तिरंगा

जमशेदपुर(सं.)। रैपिड एक्शन फोर्स 106 वाहिनी सुंदरनगर परिसर में कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह ने झंडोत्तोलन किया। उसके बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने रैफ के कार्यों से लोगों को अवगत कराया और बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की भूमिका आज अहम है।

कई जवानों और पदाधिकारियों ने अपने शौर्य के कारण वीरता और अन्य पदक हासिल किए हैं। इसके बाद वाहिनी ने अस्पताल में भर्ती जवानों के बीच फल और मिठाइयों का वितरण किया। आयुष चिकित्सक डॉ. विजय मोहन को कमांडेंट ने सम्मानित किया। शाम में खेलकूद समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अमूल्य कुजूर, द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार, उपकमांडेंट अनामी शरण आदि मौजूद थे।



शनिवार को रैफ परिसर में झंडोत्तोलन करते कमांडेंट व अन्य। • हिन्दुस्तान

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।